**राहत** • जून में 4 दिन 50 से कम रहा एक्यूआई, पिछले साल अनलॉक से रेड तो कभी ऑरेंज जोन में रहा रतलाम

# ये हवा अच्छी है... 22 दिन से रतलाम ग्रीन जोन में



भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम की आबोहवा अच्छे संकेत दे रही है। एयर क्वालिटी इंडेक्स 4 जून को 48, 5 जून को 38, 6 जून को 38 तो 11 जून को 44 रहा। जो बहुत अच्छा माना जाता है। मई में 17, 18, 19 व 20 मई को एक्यूआई 50 से कम रहा था। वहीं, इस महीने सबसे ज्यादा एक्यूआई 9 मई को 130 रहा था। इस दिन शहर येलो जोन में आ गया था।

## जानिए एक्यूआई लेवल

- 0-50 शुद्ध
- 51-100 संवेदनशील लोगों को सांस लेने में असहज
- 101-200 फेफड़े, अस्थमा व दिल के मरीजों को सांस लेने में परेशानी
- 201-300 प्रदूषित, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक
- 301-500 अति खराब, घरों से बाहर निकलने में भी चेतावनी।

## बड़े कंस्ट्रक्शन बंद

शहर में बड़े कंस्ट्रक्शन के काम ज्यादातर बंद है। इसका आबोहवा पर असर है। अब तक शहर में लॉकडाउन था, ऐसे में सुधार हुआ था। रविवार को भी बाजार पूरा बंद रहा। शहर की हरियाली भी अहम भूमिका निभाती है।

## दो साल से ऐसा रहा है हमारे शहर का एक्यूआई

**2019 :** जून के शुरुआती दिनों में 2019 में एक्यूआई 50 से 75 के बीच ही रहा था। इसके बाद रतलाम 75-100 के बीच आ गया। रतलाम येलो जोन में था। इधर, नवंबर 2019 में, एक भी दिन एक्यूआई 50 से कम नहीं था।

**2020 :** 2020 के लॉकडाउन में पर्यावरण में सुधार हुआ था। अप्रैल में शहर की आबोहवा अच्छी थी, एक भी दिन एक्यूआई रेड-स्तर जोन तक नहीं पहुंचा था। लॉकडाउन में छूट मिलने के बाद से ही एक्यूआई कभी रेड तो कभी ऑरेंज जोन में रहा। मई के आखिरी दिनों में एक्यूआई 150 से ज्यादा ही रहा। 29 मई को यह 165 दर्ज किया गया। वहीं, जून के पहले सप्ताह में 80 के आसपास रहा।

# सीवरेज के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत शुरू



हरदेव लाला की पीपली चौराहा-भाटों के वास क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक।

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर के हरदेव लाला की पीपली चौराहा-भाटों के वास वाले क्षेत्र में चार महीने पहले सीवरेज लाइन के लिए सड़क खोदकर छोड़ देने से परेशान रहवासियों को कुछ राहत मिली है। नगर निगम ने वहां मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। मामले में नईदुनिया ने खबर प्रकाशित कर निगम प्रशासन का ध्यान दिलाया था। कांग्रेस नेता इक्का बैलूत ने कहा कि कई महीने से लोग परेशान थे। नईदुनिया की पहल से लोगों को राहत मिलेगी।

नईदुनिया खबर का असर

14-6-21

# Oxygen plant inaugurated at Divisional Railway Hospital

FP NEWS SERVICE
Ratlam

14-6-21




An oxygen plant was inaugurated at the Divisional Railway Hospital by the Ratlam city MLA Chetanya Kashyap.

The plant with a capacity of production of 150 liter per minute was installed at a cost of Rs 17 lakh by Chetanya Kashyap Foundation (CKF).

Railway press release said that with the oxygen plant would ensure uninterrupted supply to the 20 beds at a time.

Kashyap said that oxygen plant has been manufactured by the team of Engineers of Kashyap Sweetners Limited and CKF has made it available to the railways.

Divisional rail manager Vineet Gupta, District Collector Kumar Purushottam, SP Gaurav Tiwari, Chief Medical Superintendent Railway hospital A K Malviya, railway officials and railway hospital doctors were present. Dr. Ashutosh Awasthi conducted the programme.

# रविवार को केवल 2 वृद्ध पॉजिटिव मिले, ईलाज के दौरान 85 वर्षीय पॉजिटिव महिला की मौत

प्रतापण न्यूज़ • रतलाम

जिले में कोरोना का प्रकोप लगभग खत्म हो चुका है। जिले में नये पॉजिटिव मरीजों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। इस बीच रविवार जिले में केवल 2 पुरुष पॉजिटिव मिले हैं, वहीं एक 85 वर्षीय पॉजिटिव वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई।

प्रशासनिक बुलेटिन के अनुसार रविवार को रतलाम शहर से एक 51 वर्षीय पुरुष पॉजिटिव पाया गया है, वहीं दूसरा 22 वर्षीय पुरुष जावरा क्षेत्र से है। इस बीच मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान 85 वर्षीय पॉजिटिव वृद्ध की मौत

## आज सुबह से खुलेंगे बाजार

रतलाम। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री की वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में सोमवार से शुरू के सभी बाजार सुबह 6 बजे नाईट कर्फ्यू खत्म होने के बाद खोलने का निर्णय लिया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत संशोधित आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी सार्वजनिक एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान रविवार जनता कर्फ्यू को छोड़कर शेष दिनों में प्रातःकाल अपनी सुविधानुसार खोले जा सकेंगे, किंतु प्रतिष्ठान बंद करने का समय पूर्व अनुसार शाम 6 बजे तक की ही अनुमति रहेगी। बैठक में विवाह कार्यक्रम के दौरान ढोल तथा बैंडबाजों का विवाह स्थल में उपयोग की अनुमति देने का निर्णय भी हुआ है। श्री

पत्रिका का वैक्सीनेशन शिविर....

# कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए एजेंट्स और वेंडर्स ने लगवाए टीके

पत्रिका
महामारी से महामुकाबला




उत्साह से लगवाया टीका







पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


रतलाम. कोरोना संकटकाल में पाठकों तक अखबार और खबरें पहुंचाने वाले समाचार पत्र वितरकों के लिए 'पत्रिका' रतलाम परिवार ने रविवार को वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया। शहर के डीआरएम ऑफिस स्थित ऑफिसर क्लब में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में वेंडर्स पहुंचे और उन्होंने टीके लगवाए गए। टीकाकरण को लेकर इन कोरोना योद्धाओं में खासा उत्साह नजर आया। टीकाकरण के माध्यम से सभी लोगों ने कोरोना संक्रमण से खुद को और परिवार को सुरक्षित रखने का चक्र भी तैयार किया।

डीआरएम ऑफिस स्थिति ऑफिसर क्लब के वैक्सीनेशन सेंटर पर रविवार को वेंडरों के अतिरिक्त शहर के होटल और रेस्टोरेंट पर काम करने वाले लोगों के साथ ही सब्जी विक्रेताओं का कभी टीकाकरण किया गया। शिविर में सभी को टीका लगने से हर किसी के चेहरे पर खुशी की लहर थी। दरअसल, बीते कई दिनों से लोग स्लॉट बुकिंग कराने के लिए परेशान हो रहे थे लेकिन पत्रिका द्वारा आयोजित शिविर में इन लोगों की समस्या का समाधान हो गया और सभी लोग खुशी-खुशी टीका लगवाने पहुंचे।

## जब लोग घरों में थे, इन्होंने संभाला मोर्चा

कोरोना संक्रमण की शुरुआत के बाद जब दूसरी लहर आई तो लोग घरों में रहने लगे थे, घर के बाहर आने में भी हर कोई कतरा रहा था। इस दौरान इन लोगों के द्वारा जोखिम के बीच सुबह जल्दी उठकर अखबार को पाठकों तक पहुंचाने का जिम्मा बखूबी निभाया। टीकाकरण के कार्य के दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा सहयोग किया गया, जिसके चलते शहर के हर घर में दस्तक देने वाले इन समाचार पत्र वितरकों को टीका लग सका। स्वास्थ्य विभाग की टीम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, लोकेश वैष्णव, हेमेंद्र शर्मा, नितेश मईडा, प्रदीप कुमार और मनीषा वर्मा की भूमिका अहम रही।

### टीका जरूरी



कोरोना संक्रमण से बचने के लिए टीकाकरण बहुत जरूरी है। समाचार पत्र वितरकों को जोखिम के बीच काम करना पड़ता है। ऐसे में हम सभी का टीकाकरण होना काफी सराहनीय है।

**- संजय कसेरा**

### सराहनीय कदमयह



संक्रमण के दौर में समाचार पत्र वितरकों पर ध्यान देकर टीकाकरण कराया जाना काफी सराहनीय कदम है। जान जोखिम में डालकर काम करते हैं, ऐसे में हमारे लिए टीकाकरण की सोच सराहनीय है।

**-प्रतापसिंह सोलंकी**

# प्रदेश में समस्त अनाथ बच्चों को सहारा देगी राज्य सरकार : काश्यप

## - वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने किया आश्वस्त - रतलाम में सोमवार सुबह से खुलेंगे बाजार

प्रसारण न्यूज * रतलाम



विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को कोरोनाकाल में अनाथ हुए बच्चो के लिए अभिनव योजना लागु करने पर धन्यवाद देते हुए इसे विस्तारित कर मध्यप्रदेश के सभी अनाथ बच्चों के लिए नीती बनाने का आग्रह किया। यह योजना मुख्यमंत्री श्री चौहान को संवेदनशील राजनेता के रूप में स्थापित करेगी। इससे मध्य प्रदेश की अलग छवि भी बनेगी। श्री चौहान ने इस पर प्रदेश में जल्द ही सरकार द्वारा ऐसी नीती बनाने हेतु आश्वस्त किया, जिससे सभी अनाथ बच्चों के लिए शिक्षा,आश्रय और आहार का प्रबंध सुनिश्चित होगा।

श्री काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री के समक्ष कोरोना की तीसरी लहर की तैयारी में बच्चों की चिंता करते हुए नर्सिंग स्टॉफ को प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए जो ऑक्सीजन वार्ड निर्मित हो रहे है, उनमें माताओं के रहने की व्यवस्था और उनकी संख्या भी निर्धारित की जाए। विधायक श्री काश्यप ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री श्री चौहान से रतलाम के शासकीय मेडिकल कॉलेज में निर्मित 750 बिस्तरों वाला अस्पताल 2 महीनों में आरंभ करने और इसके उद्घाटन हेतु रतलाम आने का निमंत्रण दिया। उनके अनुसार मेडिकल कॉलेज के अस्पताल हेतु उपकरण के ऑर्डर हो चुके है। स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया धीमी चल रही है, उन्होंने इसमें तेजी लाकर सभी कार्य जल्द पूर्ण करने का आग्रह किया है।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री की वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में सोमवार से शहर के सभी बाजार सुबह 6 बजे नाईट कर्फ्यू खत्म होने के बाद खोलने का निर्णय लिया है। बैठक में विवाह कार्यक्रम के दौरान ढ़ोल तथा बैंड-बाजों का विवाह स्थल में उपयोग की अनुमति देने का निर्णय भी हुआ है। श्री काश्यप ने बताया कि टीकाकरण पश्चात सोमवार से सैलाना बस स्टेण्ड की सब्जी निलाम मण्डी भी आरंभ हो जाएगी।

प्रसारण

14-6-21

– कलेक्टर से लेकर निगम आयुक्त और विधायक तक को भेजा कार्य शुरू करवाने के लिए पत्र

इन्दौर समाचार 16-6-21

# उंकाला सीसी फोर लेन का कार्य कई माह से बंद

रतलाम। उंकाला रोड सीसी फोर लेन का कार्य कई माह से बंद से होने से जनता और वहा से आवागमन करने वाले राहगीरों को नई रोड की बजाय अब जिला प्रशासन का जनता को अब सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। किंतु अभी तक न रोड बना ना ही कई बार अधिकारियों को सूचना देने के बाद सही से जवाब मिला।

इस मामले में रहवासी खराब और जर्जर रोड की वजह से आ रही निम्न समस्याओं को लेकर निगम आयुक्त से लेकर कलेक्टर और विधायक तक को इस मामले से कई बार अवगत करा चुके है किंतु बार बार सिर्फ अधिकारियों का एक ही जवाब सिर्फ आश्वासन। रहवासियों का कहना है की रोड बनाना ही नही था तो कार्य शुरू करके बंद क्यों कर रखा है कार्य बंद होने से रोड खराब की वजह से और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन करने वाले लोगों के साथ दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, वाहनों के टायर पंचर हो जाते है। रोड निर्माण के लोगो को दी गई जिम्मेदारी लोग सही नही निभा पा रहे है। सीएम शिवराज सिंह चौहान की मिनी स्मार्ट सिटी योजना के तहत यह कार्य होना है किंतु प्रशासन सीएम की बात पर भी अमल करने में कोई रुचि नहीं दिखा



पा रहा है। शहर में ऐसे कई विकास कार्य है जो आधे अधूरे पड़े हुए है। ना ही वह शुरू हो पा रहे है ना ही अधिकारी उन सभी कार्य पर ध्यान दे रहे है। शहर में चल रहे तेजी से विकास कार्यो पर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी पर अंकुश लगा रहे है। शहर में चल रहे विकास कार्य बंद चालू बिजली की तरह चल रहे है। इन पर ना कोई ध्यान दे रहा है ना ही जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी सही से निभा पा रहे हैं। उंकाला रोड स्थित बन रहे सीसी फोर लेन का है जो कई माह से बंद पड़ा हुआ है। उंकाला रोड के रहवासियों को प्रतिदिन खराब एवं धूल भरी सड़क से गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं नगर के प्रसिद्ध उंकाला रोड स्थित खड़े गणेश जी का मंदिर है वहा तक जाने के लिए प्रतिदिन भक्तो को निम्न समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस सीसी फोर लेन से करीब 4-5 किलोमीटर दूरी से नेशनल हाईवे गुजर रहा है। जिससे घटना दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। किन्तु जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी का गलत फायदा उठाकर कार्य को दिन प्रतिदिन विलंब से कर रहे हैं। रोड बनाए जाने के लिए हो चुका है चक्का जाम बताया जाता है कि रोड बनाने के लिए रहवासियों के द्वारा बार बार आंदोलन एवं रोड पर चक्का जाम किया गया है। किन्तु प्रशासन द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया गया। बारिश में आती है कई समस्या। रोड बनने से होगी सभी समस्या का हल। सीसी फोर लेन का कार्य कई माह से चल रहा था किन्तु इनको समय सीमा में पूरा करना तो दूर अब और मुसीबत को खड़ा कर दिया है। रहवासियों ने बताया कि बारिश के पहले यह कार्य पूरा हो जाना चाहिए ताकि इस रोड से आवागमन करने वालो को कोई समस्या न आ पाएं। बारिश के कारण यहां कीचड़ भरी रोड से निकलना बहुत ही मुश्किल हो जाता है प्रवेश करने वाले सभी वाहनों को निकलने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है, रोड का कार्य अतिशीघ्र शुरू करवाने से जनता को आ रही समस्त समस्याओं से निजात मिल सकती है।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिला स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों से किया संवाद

# शादी-विवाह में अब वर-वधु पक्ष के 20-20 व्यक्ति सम्मिलित हो सकेंगे : मुख्यमंत्री

**- प्रदेश में संवेदनशील सरकार है कोई भी मजबूर या बेबस नहीं रहेगा**

**- कोरोना संक्रमण नियंत्रण और तीसरी लहर से बचाव में जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों को निभानी होगी जिम्मेदारी**



प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि अब शादी-विवाह में वर-वधु पक्ष के 20-20 व्यक्ति सम्मिलित हो सकेंगे। सम्मिलित हो रहे सभी व्यक्तियों का कोरोना टेस्ट अनिवार्य होगा। क्राइसिस मैनेजमेंट

### जिला क्राइसिस कमेटियों से संवाद में निम्नलिखित सुझाव प्राप्त हुए

- अर्धघुमक्कड़ समाज के लोगों को टीकाकरण में प्राथमिकता दी जाए।
- अनलॉक के बाद व्यापारियों और कर्मचारियों को 18 दिन के अंदर टीकाकरण अनिवार्य किया जाए।

### राजनैतिक, सामाजिक गतिविधियां, जुलूस-जलसे प्रतिबंधित रहेंगे

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण का संकट अभी गया नहीं है। तीसरी लहर की संभावना है। सावधानी और सतर्कता की आवश्यकता है। राजनैतिक, सामाजिक गतिविधियाँ, जुलूस-जलसे, भीड़ वाली गतिविधियाँ प्रतिबंधित रहेंगी। स्कूल-कॉलेज, खेलकूद, स्टेडियम में कार्यक्रम आदि पर भी प्रतिबंध रहेगा।

### प्रभावी रहा जन-भागीदारी मॉडल

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में जन-भागीदारी मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप कोरोना संक्रमण नियंत्रण में है। हमें तीसरी लहर को रोकने के लिए लगातार सक्रियता बनाए रखना होगी। अमेरिका, इंग्लैंड और सिंगापुर के अनुभव यही बताते हैं कि जहाँ कोरोना अनुरूप व्यवहार का पालन गंभीरता से हुआ, वहाँ संक्रमण पुन: नहीं फैला। लेकिन जहाँ व्यवहार सामान्य रहा और लापरवाही बढ़ी वहाँ संक्रमण पुन: फैलना आरंभ हो गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समिति सदस्यों से कोरोना संक्रमण नियंत्रण, बाजार और व्यापारिक गतिविधियों को खोलने और टीकाकरण के संबंध में सुझाव भी माँगे।

### प्रतिदिन 80 हजार टेस्ट जारी रहेंगे

मुख्यमंत्री चौहान ने सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि इंग्लैंड में 90 दिन लॉक डाउन के बाद अनलॉक के साथ ही कोरोना के प्रकरण बढ़ने लगे हैं। इस स्थिति में कोरोना की लहर को रोकने और उसकी तीव्रता को कम करने की व्यवस्था आवश्यक है। अत: प्रदेश में 80 हजार टेस्ट प्रतिदिन होंगे। हमारा प्रयास होगा कि जिले के हर भाग में टेस्ट हों। टेस्ट में पॉजिटिव आने पर प्रत्येक की कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग कराई जाएगी। जो व्यक्ति पॉजिटिव आया है, उसे होम आयसोलेशन में या कोविड केयर सेंटर में रखा जाएगा। प्रदेश में किल-कोरोना अभियान जारी रहेगा। सर्दी, खांसी, जुकाम के प्रकरण मिलते ही इलाज किया जाएगा।

### रामबाण है मास्क

# निगम आयुक्त झारिया ने रात्रि कालिन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

## खुले में कचरा डालने वाले दुकानदरों पर स्पॉट फाईन के दिए निर्देश



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

नगर को साफ, स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रीकालिन सफाई करवाई जा रही है, जिसका निरीक्षन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा कार्यपालन यंत्री जी. के. जायसवाल व स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह द्वारा किया गया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने गत रात्रि माणक चौक, घांस बाजार, सायर चबुतरा रोड, नौलाईपुरा, रानीजी का मंदिर, सैलाना बस स्टैण्ड, पावर हाऊस रोड से डी.आर.एम. ऑफिस तक करवाई जा रही रात्रिकालिन सफाई का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी एवं झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि नगर के व्यावसायिक क्षेत्रो में प्रतिदिन रात्रिकालिन सफाई निरंतर जारी रखी जाए, साथ ही सफाई उपरान्त निकलने वाले कचरे को यथा समय उठाया जाए।

इसके अलावा निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि व्यावसायिक क्षेत्रों में कई ऐसे दुकानदार है, जो कि दुकान बंद करने के बाद अपनी दुकानों से निकलने वाले कचरे को सड़कों पर डालकर शहर को गंदा करते है। गंदगी करने वाले ऐसे दुकानदरों पर लगाम लगाए जाने हेतु उन पर निगरानी रखी जाकर बड़ी राशि का स्पॉट फाईन किया जाए। निरीक्षण के दौरान सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करते मवेशी पाए जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह को निर्देशित किया कि मवेशियों को पकड़ने का कार्य रात्रि में भी किया जाए। इस अवसर पर झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, विनय चौहान आदि उपस्थित थे।

14-6-21

14-6-21 पत्रिका

मैदान से गायब, कागज में महिला कर्मचारी चल रही गैंग में

# यह कैसा अभियान : सफाई के अगले दिन मिल रही नालों में गंदगी

एक्सपोज

## बड़े व छोटे नालों की सफाई का अभियान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने कलेक्टर व आयुक्त के निर्देश के बाद स्वच्छता अभियान में बड़े व छोटे नालों की सफाई का अभियान चलाया हुआ है। अभियान की पोल अगले ही दिन नालों के करीब जाने से खुल रही है। जिन नालों को साफ करने का दावा शुक्रवार को नगर निगम ने किया, शनिवार को वे ही नाले गंदगी व गाद से भरे नजर आए। बड़ी बात यह है मैदान में गैंग में महिला कर्मचारी नहीं हैं, निगम के दस्तावेज में महिला कर्मचारी नालों में काम कर रही है।

कुछ ही दिन में मानसून की शुरुआत होने जा रही है। हर बार मानसून के पूर्व नगर निगम बड़े व छोटे उन नालों की विशेष सफाई गैंग रखकर सफाई करवाता है जहां पर पानी अधिक भरता हो व आमजन के घर तक में पानी जाता हो।



पत्रिका में प्रकाशित

इस प्रकार के नालों वाले क्षेत्र में लक्कड़पीठा, लक्ष्मणपुरा, शास्त्रीनगर, मोतीनगर सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं। इस बार भी निगम के स्वास्थ्य विभाग ने 7 बड़े नालों में प्रत्येक नाले अनुसार 20 - 20 कर्मचारियों की गैंग लगाकर सफाई का कार्य शुरू किया है। इस प्रकार की सफाई के लिए कलेक्टर व नगर निगम के प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने कहा था। इसके बाद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के स्वास्थ्य विभाग के इस प्रकार की सफाई करवाना शुरू किया है।


निगम के रिकार्ड में महिलाएं भी कर रही नाले में काम।

### इस तरह कर रहे झोल

बड़ी बात यह है कि निगम के रिकार्ड अनुसार कभी भी महिला कर्मचारी को गैंग में नालों की सफाई के लिए नहीं रखा जाता है, लेकिन दस्तावेज को देखें तो न सिर्फ महिला को रखा गया बल्कि उनसे काम भी लिया जा रहा है, जबकि मैदान में हकीकत यह है कि कोई महिला कर्मचारी नाले की गैंग में नहीं है। ऐसे में निगम की यह पोल स्वतः खुल रही है कि गैंग के नाम पर बोगस काम चल रहा है।

शहर में मानसून पूर्व नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि मानसून के दौरान आमजन के घर में नालों का पानी नहीं जाए। जहां तक महिला को रखने का मामला है, अगर महिला मैदान में आकर काम नहीं कर रही है तो इसकी जांच की जाएगी व दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।
**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

## आयुक्त के निर्देश हवा में, अब प्रशासक से उम्मीद

# सड़क को अब तक मखमली होने का इंतजार

पत्रिका
ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. सीवरेज का काम करने वाली कंपनी ने शहर को जगह जगह से लहुलूहान तो कर दिया, लेकिन अनुबंध के अनुसार वापस सड़क को मखमली नहीं किया। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कई बार दौरे करके सीवरेज काम करने वाली कंपनी को सड़क को बेहतर करने को कहा, लेकिन आयुक्त के निर्देश भी हवा में उड़ा दिए गए, अब शहर के वाशिंदो को भरोसा है कि निगम के प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम सड़क पर उतरे तो ही वापस से सड़क पूर्व की तरह बेहतर हो पाएगी।

शहर में कहने को सीवरेज के कार्य को अप्रैल माह में पूरा होना था, लेकिन कोरोना के नाम पर इसकी समय सीमा को एक माह के लिए अतिरिक्त बढ़ाया गया। हालाकि मई माह समाप्त हो गया, लेकिन अब तक शहर में सीवरेज का कार्य 12 प्रतिशत शेष बताया जा रहा है। स्थिति यह है कि शहर के मुख्य चौराहों पर ही सीवरेज के जोड़ शेष बताए जा रहे है। इतना ही नहीं, जहां जोड़ पूरे हो गए, वहां पर निर्माण ऐजेंसी ने सड़क को उबड़ खाबड़ छोड़ दिया है। शहर के कई क्षेत्रों में इससे सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही है। इसके बाद भी निगम आयुक्त झारिया व सीवरेज कार्य के नोडल अधिकारी श्याम सोनी काम को बेहतर करवाने में असफल साबित हो रहे है।

### हमको भरोसा है प्रशासक पर

कस्तुरबा नगर में सीवरेज के काम के बाद सड़क को निर्माण ऐजेंसी जर्जर छोड़कर चली गई। हमको भरोसा है कि अब प्रशासक व कलेक्टर ही इस मामले में कोई सख्त रुख अख्तियार करें तो सड़क फिर सुधर सकती है। - **कीर्ति कुमार शर्मा**, कस्तुरबा नगर

### जल्दी सुधार होगा

जहां जहां सीवरेज का कार्य हुआ है वहां पर सुधार कार्य किया गया है। फिर भी जहां रह गया है, वहां मानसून के पूर्व कार्य होगा।
- **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त

### अब कलेक्टर से कार्रवाई का भरोसा

हाल ही में शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर कलेक्टर व निगम प्रशासक ने बैठक लेकर सफाई कार्य को बेहतर करने के लिए उपयंत्रियों को एक पखवाड़े की समय सीमा दी है, इसके बाद शहर में सफाई बेहतर होने लगी है। ऐसे ही अब आमजन को कलेक्टर से यह उम्मीद बंध गई है कि शहर की सड़कों को लेकर भी प्रशासक के रुप में कुमार कोई बड़ी कार्रवाई करें जिससे सीवरेज के बाद जो सड़क खराब हुई है वे बेहतर हो पाए।

# आज से सुबह छह बजे खोल सकेंगे दुकानें

नईदुनिया 14-6-21

## अनलाक : बंद करने का समय शाम छह बजे ही रहेगा

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में सोमवार से सभी दुकानें सुबह छह बजे से खोली जा सकेंगी। रविवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से वीडियो कांफ्रेंसिंग में हुई चर्चा के बाद जिला संकट प्रबंधन समूह ने यह फैसला लिया।

मालूम हो कि एक जून से हुए अनलाक में चरणवार छूट का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इससे पहले बाजार खोले जाने का समय सुबह 10 बजे का था, लेकिन रेस्टोरेंट, चाय-नाश्ता दुकान संचालकों को इस आदेश के पालन में परेशानी हो रही थी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जारी आदेश में समय सुबह छह बजे का किया गया है, हालांकि दुकानें शाम छह बजे तक ही खुली रखी जा सकेंगी। रविवार को कोरोना कर्फ्यू व प्रतिदिन नाइट कर्फ्यू के समय में बदलाव नहीं किया गया है।

बैठक में विवाह कार्यक्रम के दौरान ढोल तथा बैंड-बाजों के उपयोग की अनुमति देने का निर्णय भी हुआ है।



रतलाम में रविवार को जनता कर्फ्यू के दौरान सड़क पर पसरा सन्नाटा। • नईदुनिया

टीकाकरण के बाद सोमवार से सैलाना बस स्टैंड की सब्जी नीलाम मंडी भी शुरू हो जाएगी।

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री को कोरोनाकाल में अनाथ हुए बच्चों के लिए अभिनव योजना लागू करने पर धन्यवाद देते हुए प्रदेश के सभी अनाथ बच्चों के लिए नीति बनाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि जल्द ही ऐसी नीति बनाई जाएगी, जिससे सभी अनाथ बच्चों के लिए शिक्षा, आश्रय और आहार का प्रबंध सुनिश्चित होगा। तीसरी लहर की तैयारी में बच्चों की चिंता करते हुए नर्सिंग स्टाफ को प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए जो आक्सीजन वार्ड निर्मित हो रहे हैं, उनमें माताओं के रहने की व्यवस्था और उनकी संख्या भी निर्धारित की जाए।

**दो माह में शुरू हो जाए 750 बेड का अस्पताल**

विधायक काश्यप ने शासकीय मेडिकल कालेज में निर्मित 750 बेड के अस्पताल को दो महीनों में शुरू करने और इसके शुभारंभ के लिए सीएम को रतलाम आने का निमंत्रण दिया। उनके अनुसार मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए उपकरण के आर्डर हो चुके हैं। स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया धीमी चल रही है, उन्होंने इसमें तेजी लाकर सभी कार्य जल्द पूर्ण करने का आग्रह सीएम से किया।



वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपस्थित जनप्रतिनिधि और अधिकारी। • नईदुनिया

### जिला अस्पताल के प्लांट से बनी आक्सीजन बेहतर

जिला अस्पताल में स्थापित आक्सीजन प्लांट की रिपोर्ट रविवार देर शाम आ गई। प्लांट से उत्पादित आक्सीजन मानक अनुसार है, जिसे अब मरीजों को सप्लाई की जा सकेगी। जिला अस्पताल के आरएमओ डा. योगेश नीखरा ने बताया कि अब प्लांट का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इस समय अस्पताल में आक्सीजन वाले मरीजों की संख्या कम है, इसलिए प्लांट प्रारंभ करने में जल्दी नहीं करेंगे। सभी प्रविधान गाइड-लाइन के मान से परखने के बाद शुरुआत होगी।

# दो नए पाजिटिव और एक की मौत

रतलाम। जून माह के 13वें दिन रविवार को दो नए पाजिटिव केस सामने आए। एक की मौत हुई। 15 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 221 है। जिले में अब तक 17446 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 16915 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। मौत का कुल आंकड़ा 310 पर पहुंच गया है।

**मेडिकल कालेज में 513 बेड खाली**

शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से रविवार को 11 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि चार नए मरीज भर्ती हुआ। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 19 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में आठ पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में आठ पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से दो पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 37 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 17 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 513 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5946, करंट स्टाक 77 है।

**दो मरीजों को मेडिसिन किट वितरित**

ई-दक्ष केंद्र से रविवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से दो मेडिसिन किट लेकर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। सूची अनुसार दो मरीजों को मेडिकल किट दी गई।

## शहर में आज छह केंद्रों पर होगा टीकाकरण



रतलाम के रेलवे अधिकारी सभागृह में टीका लगवाती हुई युवती। • नईदुनिया

रतलाम। शहर में टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को साथ लाकर टीकाकरण कराने पर 18 से 44 वर्ष आयु समूह के व्यक्ति का टीकाकरण बगैर स्लाट बुकिंग के किया जा सकेगा।

प्रभारी सीएमएचओ डा. जीआर गौड़ ने बताया कि सोमवार को इस पहल में कोविशील्ड टीकाकरण के लिए रामकला सभागृह लक्ष्मण पुरा, शांति निकेतन दाटा नगर, बैरागी समाज भवन पोरवाल नगर काला भेरू रोड, गुरुनानक शिशु भवन विरियाखेड़ी रोड, सरस्वती शिशु मंदिर काटजू नगर तथा राजपूत बोर्डिंग शास्त्री नगर पर टीकाकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पुराना कलेक्टोरेट पर को-वैक्सीन का केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा।

कमेटियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर 15 जून तक नई गाइड लाइन जारी की जाएगी। कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों के साथ-साथ सभी अनाथ बच्चों के जीवन-यापन, आहार, शिक्षा और उनके आसरे की व्यवस्था सरकार और समाज द्वारा की जाएगी। हमारी सरकार संवेदना की सरकार है, किसी को भी मजबूर और बेबस नहीं रहने दिया जाएगा। कोरोना काल में बेसहारा हो गए परिवारों के संबंध में संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिया जाएगा। जिन व्यक्तियों की कोरोना से मृत्यु हुई है, उनके प्रमाण पत्र के संबंध में भी राज्य सरकार निर्णय लेगी।

- मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विधायकगण अब विधायक निधि से 50 प्रतिशत तक का उपयोग जरूरतमंदों की मदद के लिए कर सकेंगे। कोरोना के प्रभाव को दृष्टिगत रखकर राज्य सरकार इस प्रकार की व्यवस्था कर रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान जिलों की क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों को निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

- शादी में सम्मिलित होने वाले परिजनों की संख्या बढ़ाई जाए। प्रत्येक व्यक्ति का टीकाकरण और टेस्टिंग अनिवार्य हो।
- जिलों को टीके उपलब्ध होने की सूचना कम से कम चार दिन पहले दी जाए।
- त्यौहारों की गाइड लाइन राज्य स्तर से जारी हो।
- विधायकों द्वारा मांग की गई कि छत्तीसगढ़ अंतर्राज्यीय बस सेवा को अस्थाई रूप से स्थगित किया जाए।
- साप्ताहिक हाट बाजार बंद रहें।
- 50 प्रतिशत क्षमता के साथ होटलों का संचालन आरंभ किया जाए।
- वरिष्ठजनों की सुविधा के लिए ड्राइव इन टीकाकरण की व्यवस्था की जाए।
- भीड़ नियंत्रण के लिए बाजारों का समय शाम 5 बजे तक निश्चित किया जाए।
- मॉल को टोकन सिस्टम के साथ आरंभ किया जाए।
- शादी-विवाह के आयोजन दिन के समय में हो।
- तीसरी लहर को देखते हुए पैरामेडिकल स्टाफ को बच्चों के टीकाकरण और इलाज के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए।
- मृत्यु भोज पर नियंत्रण हो।
- पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भीड़ नियंत्रण के लिए कड़ाई से कार्रवाई हो।
- शासकीय और अशासकीय अस्पतालों में बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए।

प्रसारण
14-6-21

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी और आयुक्त स्वास्थ्य आकाश त्रिपाठी उपस्थित थे। बैठक में कोरोना संक्रमण की प्रदेश में वर्तमान स्थिति और तीसरी लहर की संभावनाओं की स्थिति पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। जिला स्तरीय समिति के सदस्यों ने कोरोना संक्रमण नियंत्रण के संबंध में सुझाव भी दिए।

इस अवसर पर रतलाम एन आई सी कक्ष में विधायक चेतन्य काश्यप, राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सी ई ओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह आदि उपस्थित थे। इस दौरान रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के साथ-साथ रतलाम भी ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है, रतलाम में भी कोरोना नियंत्रण में है।

श्री काश्यप ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि यदि कोरोना की तीसरी लहर आती है, तो तैयारियों के संदर्भ में बच्चों के उपचार के लिए पैरामेडिकल स्टॉफ को विशेष रूप से ट्रेंड किया जाए। उनके लिएआईसीयू बेड तथा वहां बच्चों की माताओं के लिए भी व्यवस्था की जाना चाहिए। श्री काश्यप ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि रतलाम मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल का शुभारंभ भी आपके कर कमलों से शीघ्र हो जाए।

श्री काश्यप ने शादी-ब्याह में व्यक्तियों के सम्मिलित होने की संख्या का निर्णय पूरे प्रदेश में एक जैसा रखने का अनुरोध किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना को सभी अनाथ बच्चों के लिए एक स्वरूप में लागू करने की बात करते हुए कहा कि कहा कि मध्यप्रदेश की यह योजना देश में बहुत अच्छी योजना होगी। मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए राजेंद्रसिंह लुनेरा ने शादी-ब्याह में सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि का अनुरोध किया।

इसी प्रकार गोविंद काकानी ने रतलाम जिले में टीकाकरण के लिए लागू की गई एटीन प्लस प्रोत्साहन योजना को सफल एवं अनूठी बताते हुए मुख्यमंत्री मंत्री से कहा कि उक्त योजना पूरे प्रदेश में लागू करने योग्य है।

## इंग्लैंड, अमेरिका और सिंगापुर की स्थिति का हुआ प्रस्तुतिकरण

प्रस्तुतिकरण में अमेरिका, इंग्लैंड और यूरोप के अन्य देशों की स्थिति को भी दर्शाया गया, जहां अनलॉक और जीवन एवं व्यवहार सामान्य होने के साथ ही प्रकरण पुनः बढ़ने लगे हैं। साथ ही सिंगापुर का आदर्श उदाहरण भी प्रस्तुत किया गया, जहां कोविड अनुरूप व्यवहार का कड़ाई से पालन करने के परिणाम स्वरूप स्थिति लगातार नियंत्रण में है और प्रतिदिन आने वाले प्रकरणों की संख्या 100 से कम है। अतः कोरोना संक्रमण नियंत्रण के लिए कोविड अनुकूल व्यवहार आवश्यक है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमें संक्रमण को नियंत्रित भी करना है और रोजगार एवं व्यापार चलाना भी है। अतः सावधानियां आवश्यक हैं। दुकानदारों, ग्राहकों, राहगीरों के लिए क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों को नियम बनाने होंगे। कोरोना से बचाव में मास्क रामबाण है, अतः मास्क के उपयोग, परस्पर दूरी बनाए रखने, बार-बार हाथ धोने और भीड़ न लगाने के संबंधी नियमों का हम सबको पालन करना होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जन-भागीदारी से यह व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर मध्यप्रदेश को देश में मॉडल राज्य के रूप में स्थापित किया जाएगा।

## क्षेत्रीय भाषाओं में संदेश और नवाचार से करें टीकाकरण के लिए प्रेरित

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा टीकाकरण का दायित्व लेने के लिए उनका आभार मानते हुए कहा कि टीकाकरण के लिए जन-सामान्य को प्रेरित करने के उद्देश्य से ग्राम और वार्ड स्तर पर जन-जागरण अभियान चलाया जाए। क्षेत्रीय भाषाओं में संदेश, स्लोगन आदि के उपयोग के साथ-साथ अन्य नवाचार भी किए जाएं।

## जन-हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी कमेटियां निभाएं जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 विशेष अनुग्रह योजना, मुख्यमंत्री कोविड योद्धा कल्याण योजना, मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना जैसी जन-हितैषी योजनाएँ लागू की गई हैं। क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियाँ जिला स्तर पर इन योजनाओं का पूरी संवेदनशीलता और सक्रियता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

## प्रत्येक गांव में होंगे दो स्वास्थ्य सहायक

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक गाँव में एक महिला एवं एक पुरुष को और प्रत्येक विकासखंड स्तर पर तीन व्यक्तियों को स्वास्थ्य जागरूकता पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह स्वास्थ्य सहायक ग्राम स्तर पर कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता पर काम करेंगे। तीसरी लहर को देखते हुए अस्पतालों और ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था, दवाओं और अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है।

## ब्लड कैंसर से प्रभावित बच्चे के लिए तत्काल जारी की सहायता राशि

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उमरिया में ब्लड कैंसर से प्रभावित बच्चे के लिए बैठक से ही 50 हजार रूपए की सहायता स्वीकृत की। उमरिया की जिला आपदा प्रबंधन समिति ने ब्लड कैंसर से प्रभावित बच्चे की जानकारी देते हुए उसके इलाज के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निवेदन किया था। इस पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने तत्काल 50 हजार रूपए स्वीकृत करते हुए आगे और सहायता के लिए बच्चे की बीमारी की संपूर्ण जानकारी मुख्यमंत्री सचिवालय भेजने के निर्देश दिए।

## मध्यप्रदेश अब देश में 26वें नंबर पर

क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों से संवाद के इस कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने कोरोना के परिदृश्य पर प्रस्तुतीकरण दिया। जानकारी दी गई कि प्रदेश में आज मात्र 274 कोरोना प्रकरण आए हैं। प्रदेश और देश में कोरोना के प्रकरणों में लगातार कमी आ रही है। मध्यप्रदेश अब पूरे देश में 26वें नंबर पर है। त्रिपुरा, मणिपुर, मिजोरम जैसे छोटे राज्यों में भी मध्यप्रदेश से अधिक प्रकरण हैं। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि मार्च 2020 में देश को कोरोना संक्रमण प्रभावित करने लगा था। बचाव के लिए लॉक डाउन किया गया। अनलॉक के 109 दिन बाद पहली लहर का पीक आया, जिसमें 16 सितम्बर को एक दिन में देश में 97 हजार 860 केस रजिस्टर किए गए। इसके बाद केस कम हुए, परंतु चार माह बाद पुनः केस बढ़ने लगे और दूसरी लहर का पीक 6 मई को आया, जब एक दिन में 4 लाख 14 हजार 280 केस रजिस्टर किए गए।

## बाल चिकित्सालय का नगर निगम के माध्यम से रिनोवेशन किया जाएगा

रतलाम ● जन सहयोग से बने बाल चिकित्सालय को बाद में शासन के सुपुर्द कर दिया गया। अब इस बाल चिकित्सालय का नगर निगम के माध्यम से रिनोवेशन किया जाएगा। इसके लिए प्रशासक तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर 51 लाख रुपए का टेण्डर भी जारी कर दिया गया है। इसके तहत 70 बेड का एक वार्ड भी बनाया जाएगा। साथ ही मरीजों के उपचार की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त ड्रेनेज, साफ-सफाई, पुराने कक्षों का नवीनीकरण सहित अन्य कार्य करवाए जाएंगे। प्रशासक तथा कलेक्टर ने बाल चिकित्सालय का निरीक्षण कर इसे सर्वसुविधा युक्त बनाने का निर्णय लिया है ताकि वहां बच्चों को बेहतर इलाज मिल सके। बाल चिकित्सालय के मुख्य द्वार को नया बनाया जाएगा। इसके साथ ही बाल चिकित्सालय में आकर्षक पेंटिंग की जाकर इसके बाद वातावरण को बेहतर बनाया जाएगा। बगीचे में बच्चों के लिए खेल के उपकरण भी लगाए जाएंगे। इन सभी व्यवस्थाओं के साथ ही बाल चिकित्सालय में बच्चों के परिजनों के लिए भी प्रतीक्षा स्थल को व्यवस्थित बनाया जाएगा। 14-6-21

सजगता

# औचक निरीक्षण : प्रशासक का किया दो घंटे इंतजार, सूचना लीक तो निरीक्षण पर नहीं गए

पत्रिका न्यूज़ पंच



रतलाम. शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने का संकल्प लिए हुए कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम शनिवार रात करीब 10 बजे रात्रिकालीन सफाई का औचक निरीक्षण करने वाले थे, अंतिम समय पर यह कार्य उन्होंने निरस्त कर दिया। बताया जाता है कि प्रशासक कुमार के औचक निरीक्षण की सूचना लीक हो गई व निगम के आला अधिकारी मैदान में पहुंच गए। इसके बाद प्रशासक तो नहीं आए, लेकिन नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जरूर निरीक्षण करके जरूरी निर्देश दिए।

बता दें की हाल ही में नगर निगम में प्रशासक कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के कार्य की समीक्षा करते हुए एक पखवाड़े का अल्टीमेटम सुधार के लिए दिया है। इसी के साथ प्रशासक कुमार ने साफ कहा है कि वे 22 जून को फिर से बैठक लेकर सवाल जवाब करेंगे। शहर में रात्रिकालीन सफाई किस तरह की होती है इसको देखने के लिए शनिवार रात को प्रशासक कुमार को दो बत्ती के पॉवर हाउस रोड व धानमंडी में जाना था।

जब इस बारे में जानकारी आई की प्रशासक कुमार बाजार व दो बत्ती क्षेत्र में औचक निरीक्षण के लिए आ रहे हैं तो निगम के स्वास्थ्य विभाग के अपने कई कर्मचारी इन दोनों क्षेत्र में लगा दिए। जब देर तक प्रशासक कुमार नहीं आए तो पता किया गया। तब पता चला की औचक निरीक्षण निरस्त कर दिया गया है। इसको अगली बार किया जाएगा।

### आयुक्त ने निभाई रस्म

प्रशासक कुमार के औचक निरीक्षण के निरस्त होने के बाद निगम आयुक्त झारिया ने माणक

रोड, नौलाईपुरा, रानीजी का मंदिर, सैलाना बस स्टैण्ड, पावर हाउस रोड से डीआरएम ऑफिस तक करवाई जा रही रात्रीकालिन सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़कों पर विचरण करते मवेशी पाये जाने पर निगम आयुक्त झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी एपी.सिंह को निर्देशित किया मवेशियों को पकड़ने का कार्य रात्री में किया जाए। झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, विनय चौहान आदि उपस्थित थे।

### जल्दी किया जाएगा निरीक्षण

शहर को ही नहीं, जिले को स्वच्छ व सुंदर बनाना है। निरीक्षण करना था, लेकिन इसको बताकर नहीं किया जाएगा। यह औचक ही रहेगा। - **कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम

 14-6-21 नवभारत

# विधायक ने सीएम को वीसी में नर्सिंग स्टॉफ को प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया

रतलाम। वीडियो कांफ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री रविवार को जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। रतलाम एनआईसी कक्ष में विधायक चेतन्य काश्यप, राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह आदि उपस्थित थे।




## ▸ कोरोना की तीसरी लहर के खतरे को लेकर दिया सुझाव

इस दौरान शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के साथ-साथ रतलाम भी ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है, रतलाम में भी कोरोना नियंत्रण में है। श्री काश्यप ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि यदि कोरोना की तीसरी लहर आती है तो तैयारियों के संदर्भ में बच्चों के उपचार के लिए पैरामेडिकल स्टाफ को विशेष रूप से ट्रेंड किया जाए। उनके लिएआईसीयू बेड तथा वहां बच्चों की माताओं के लिए भी व्यवस्था की जाना चाहिए।

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि कोरोनाकाल में अनाथ हुए बच्चो के लिए अभिनव योजना लागु करने पर धन्यवाद देते हुए इसे विस्तारित कर मध्यप्रदेश के सभी अनाथ बच्चों के लिए नीती बनाने का आग्रह किया। यह योजना मुख्यमंत्री श्री चौहान को सवेदनशील राजनेता के रूप में स्थापित करेगी। इससे मध्य प्रदेश की अलग छवि भी बनेगी। श्री चौहान ने इस पर प्रदेश में जल्द ही सरकार द्वारा ऐसी नीती बनाने हेतु आश्वस्त किया, जिससे सभी अनाथ बच्चों के लिए शिक्षा,आश्रय और आहार का प्रबंध सुनिश्चित होगा।

विधायक श्री काश्यप ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री श्री चौहान से रतलाम के शासकीय मेडिकल कॉलेज में निर्मित 750 बिस्तरों वाला अस्पताल 2 महीनों में आरंभ करने और इसके उद्घाटन हेतु रतलाम आने का निमंत्रण दिया। उनके अनुसार मेडिकल कॉलेज के अस्पताल हेतु उपकरण के ऑर्डर हो चुके है। स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया धीमी चल रही है, उन्होंने इसमें तेजी लाकर सभी कार्य जल्द पूर्ण करने का आग्रह किया है। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री की वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में सोमवार से शहर के सभी बाजार सुबह 6 बजे नाईट कर्फ्यू खत्म होने के बाद खोलने का निर्णय लिया है। बैठक में विवाह कार्यक्रम के दौरान ढोल तथा बैंड-बाजों का विवाह स्थल में उपयोग की अनुमति देने का निर्णय भी हुआ है। श्री काश्यप ने बताया कि टीकाकरण पश्चात सोमवार से सैलाना बस स्टेण्ड की सब्जी निलाम मण्डी भी आरंभ हो जाएगी।

# सुबह 6 बजे से खुलेगी दुकाने

## जिले का पॉजिटिविटी रेट भी 0 .5 प्रतिशत से कम, 12 दिन में केवल 139 मरीज मिले

रतलाम। कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार कमी देखने को मिल रही हैं। अब जिले का पॉजिटिव रेट भी घटकर 0.5 प्रतिशत से कम हो गया हैं। वहीं पिछले 12 दिनों में 139 मरीज ही मिले हैं। इस अच्छी खबरों से अब शहर पूरी तरह से खुलेगा। प्रशासन के अनुसार सुबह 6 बजे से बाजार खुलेंगे। हालांकि नाईट कर्फ्यू लागे रहेगा।

### ▸ अभी जारी रहेगा नाईट कर्फ्यू

1 जून से रतलाम जिले में किए गए अनलॉक के 2 हफ्ते गुजर चुके हैं। इन 12 दिनों में जिले में राहत देने वाले आंकड़े सामने आए हैं। जिले में 12 जून को आई रिपोर्ट में केवल 4 कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं। वहीं, 1 जून से अब तक केवल 139 कोरोना के केस सामने आए हैं, जबकि 4 लोगों की मौत हुई है। रतलाम मेडिकल अस्पताल में अब भर्ती मरीजों की संख्या भी अब 43 रह गई है।

दरअसल, कोरोना की दूसरी लहर में जिले में मई के महीने में प्रतिदिन मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा 398 और पॉजिटिविटी रेट 25त्र से अधिक तक पहुंच गया था, लेकिन कोरोना की धीमी होती रफ्तार के साथ 1 जून से जिला अनलॉक हो चुका है। अनलॉक के बाद बाजार खुलने और भीड़ बढ़ने से फिर से संक्रमण दर बढ़ने का खतरा भी बना हुआ था, लेकिन 12 दिनों के आंकड़ों को देखें तो जिले को संक्रमण के खतरे से राहत मिलती दिखाई दे रही है। बीते 12 दिनों में जिले में कुल 139 कोरोना मरीज मिले हैं। वहीं, 4 लोगों की मृत्यु हुई है। 12 जून को मेडिकल कॉलेज से मिली रिपोर्ट में केवल 4 केस मिले हैं। जिसमें से 2 शहर और शेष 2 मरीज ग्रामीण क्षेत्रों से सामने आए हैं। कोरोना के पीक पर बेड की कमी से जूझ रहे अस्पताल में अब भर्ती मरीजों की संख्या 43 रह गई है। बहरहाल, अनलॉक के दौरान आंकड़े राहत के संकेत दे रहे हैं, लेकिन जनता को सावधानी बरतने और कोरोना अनुकूल व्यवहार अपनाने की आवश्यकता है। वहीं प्रशासन भी सोशल डिस्टेंसिंग और कोरोना गाइडलाइन का पालन करवाने में जुटा है।

दो दिन से स्टेशन रोड पर पेयजल वितरण नहीं

# निर्माण से टूटी पेयजल लाइन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के दो बत्ती रोड पर सिटी फोरलेन निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में निर्माण ऐजेंसी से पेयजल पाइप लाइन टूट गई है। इसके चलते दो दिन से शहर के स्टेशन रोड क्षेत्र में पेयजल वितरण कार्य बाधित हुआ है। रविवार को कुछ क्षेत्र में पेयजल गया तो भी इसमें नाली का गंदा पानी आया, इससे क्षेत्रीय रहवासियों में आक्रोश है।

असल में दो बत्ती क्षेत्र में महाराजा सज्जनसिंह की प्रतिमा के करीब सिटी फोरलेन निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यहां पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आकर काम को तेजी से करने के लिए बार बार कहा है। इसकी वजह कलेक्टर व कुमार पुरुषोत्तम व पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी का निरीक्षण करना है। काम की गति तो तेज हो गई है, लेकिन मजदूरों से पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे शनिवार को जहां स्टेशन रोड, टीआईटी रोड, मित्र निवास रोड, फ्रीगंज सहित कई क्षेत्र में पेयजल वितरण बाधित रहा। शनिवार शाम को पाइप लाइन में सुधार तो हुआ, लेकिन इसमें नाली का पानी रविवार को आया। अब क्षेत्र में इससे नाराजी है।



## इनका कहना

क्षेत्र में दो दिन से पेयजल वितरण व्यवस्था बाधित है। आमजन परेशान हो रहा है। अगर सोमवार तक व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो मंगलवार को इस मामले में कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की जाएगी। - **महेंद्र कटारिया,** अध्यक्ष शहर कांग्रेस

क्षेत्र में पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी, इसमे सुधार कार्य जारी है। सोमवार तक सुधार हो जाएगा। - **एसपी आचार्य,** प्रभारी, जल विभाग, नगर निगम

स्वागत

# उत्कृष्ट स्कूल के स्टाफ ने किया कलेक्टर पुरुषोत्तम का स्वागत



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

शाला के परीक्षा परिणाम व संचालन के विषय मे जानकारी प्राप्त की एवं कोरोना काल में

# चैंबर में कार फंसने के बाद निगम प्रशासन ने उसे ढंकवाया



**रतलाम** | हरदेवलाला की पीपली चौराहे से गुजर रहे नाले की पिछले दिनों निगम कर्मचारियों ने सफाई की थी। सफाई में सुविधा हो इसे लेकर बीच सड़क पर चेंबर बनाया था। सुरक्षा को देखते हुए चेंबर के पास बैरिकेट लगाया था। तीन-चार दिन पहले बैरिकेट हटाने के कारण 10 जून की सुबह एक कार उसमें फंस गई थी। मौजूद पुलिसकर्मियों व क्षेत्रवासियों ने कार निकालने के साथ उक्त चेंबर पर लोहे की जाली वाला बैरिकेट रख दिया था, ताकि इस प्रकार की दूसरी घटना न हो। समाचार लगने के बाद ही निगम प्रशासन के वर्कशॉप विभाग के कर्मचारियों ने चेंबर का नाप लिया और शनिवार को चेंबर को लोहे के ढक्कन से ढंक दिया, ताकि दुर्घटना न हो। हालांकि अभी वहां से बैरिकेट नहीं हटाया है।

## न्यूज गैलरी

### 1429 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए

**रतलाम** | आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अंतर्गत शहर के पात्र हितग्राहियों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। 15 जून तक वार्डों के कामन सर्विस सेंटरों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। अब तक 1429 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है।

नई दुनिया

14-6-21

### नालों की सफाई का कार्य जारी

**रतलाम** | शहर में वर्षाकाल के पहले नगर निगम द्वारा नाले-नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग

# राहत... 10 हजार डोज और मिले, तीन स्थानों पर 1287 लोगों को लगाए टीके



रविवार को वैक्सीनेशन के लिए रेलवे अधिकारी सभागृह में इस तरह लगी कतार।

14-6-21

भास्कर संवाददाता | रतलाम




वैक्सीन की कमी से जूझ रहे हमारे शहर के लिए राहतभरी खबर है। जिले को 10 हजार वैक्सीन के डोज मिले हैं। तात्कालिक व्यवस्था हो सकेगी। रविवार को शहर में तीन स्थानों पर सत्र लगे, इनमें 1287 लोगों का टीकाकरण किया है।

जिले में पिछले सप्ताह वैक्सीन की कमी से खूब परेशान होना पड़ा है। को-वैक्सीन के टीके सप्ताह की शुरुआत में ही खत्म हो गए थे। कोविशील्ड वैक्सीन भी सप्ताह के आखिरी में खत्म हो गई थी। कोविशील्ड वैक्सीन अब तक नहीं मिली थी, रविवार को 10 हजार वैक्सीन के डोज मिले। तीन सत्र में रविवार को 18+ के 872, 45+ के 415 लोगों को टीके लगाए। जिले में 1287 लोगों को टीके लगे। जिले में 11.17 लाख लोगों को टीके लगना है, इसमें से 1.99 लाख लोगों को पहला डोज लगा है, जो कि, 17.89 प्रतिशत है। 18.43 प्रतिशत लोगों को दूसरा डोज लगा है।

## पोहा-कचौरी की दुकान सुबह 6 बजे से खुलेंगी, घर ले जाकर ही खा सकेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सोमवार से अनलॉक में ढील बढ़ाते हुए प्रशासन ने होटल, रेस्टोरेंट सहित सभी प्रकार की दुकानें सुविधा के अनुसार खोलने की छूट दी है। नाइट कर्फ्यू की समय सीमा सुबह 6 बजे बाद संचालक कभी भी दुकान खोल सकेंगे। पहले सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक का समय था। दुकानें खोलने के बाद भी होटल, रेस्टोरेंट वालों की बिक्री नहीं हो रही थी।

रविवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने धारा 144 के तहत संशोधित आदेश जारी कर दिया। मुताबिक सार्वजनिक और व्यवसायिक प्रतिष्ठान रविवार जनता कर्फ्यू को छोड़कर बाकी दिनों में सुबह सुविधानुसार खोले जा सकेंगे। बंद करने का समय शाम 6 बजे का रखा। दुकान में या बाहर खड़े रहकर कचौरी-समोसे खाने पर रोक रहेगी।

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया रविवार को मुख्यमंत्री की वीसी के बाद जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में सोमवार से शहर के सभी बाजार सुबह 6 बजे खोलने का निर्णय लिया है। विवाह में ढोल तथा बैंड सिर्फ विवाह स्थल पर बजा सकेंगे। अनुमति लेना होगी। टीकाकरण के बाद सोमवार से सैलाना बस स्टैंड की सब्जी नीलाम मंडी आरंभ हो जाएगी।

**दिक्कत** • सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करवाने स्लॉट की संख्या 100 से कम कर 48 की

# 1 जुलाई से गाइडलाइन बढ़ने की आशंका के चलते बढ़ गईं रजिस्ट्रियां, 18 जून के बाद का ही मिलेगा स्लॉट

## गाइडलाइन की आखिरी तारीख नहीं बढ़ाई तो 1 से ज्यादा दाम चुकाना होंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

यदि आपको प्लॉट, मकान की रजिस्ट्री कराना है तो 17 जून तक नहीं करा पाएंगे। वजह 17 जून तक के सभी स्लॉट बुक होना है। दरअसल लॉकडाउन के कारण रजिस्ट्रियां नहीं हुई और अगले महीने से गाइडलाइन बढ़ने वाली है। इससे बड़ी संख्या में लोग रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे हैं। ऐसे में 17 जून तक के स्लॉट बुक हो गए हैं। 18 जून के बाद ही स्लॉट बुक हो पाएंगे। एक वजह सोशल डिस्टेंसिंग के कारण विभाग में स्लॉट की संख्या सीमित करना है। पहले जहां 100 रजिस्ट्रियां रोज हो रही थी। वहीं अब 48 ही हो रही है। इससे भी यह स्थिति बनी है। यदि स्लॉट की संख्या बढ़ाई जाए तो यह परेशानी दूर हो सकती है। वहीं इसका एक फायदा मिलेगा कि लोगों को अगले महीने ज्यादा दाम नहीं चुकाना होंगे।

### स्लॉट की संख्या बढ़ाई लेकिन समस्या का हल नहीं हुआ

कोरोना कर्फ्यू के बाद जब 1 जून से रजिस्ट्रियां होना शुरू हुई थी तब 32 स्लॉट ही रोज बुक हो रहे थे। कोरोना संक्रमण में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने के लिए स्लॉट की संख्या निर्धारित की थी। इसके बाद लोगों की डिमांड को देखते हुए स्लॉट की संख्या बढ़ाकर 48 की गई। यह स्लॉट अब कम पड़ने लगे हैं और हाल यह है कि रजिस्ट्रियों के लिए वेटिंग शुरू हो गई है। लोगों को एक सप्ताह का इंतजार करना पड़ रहा है। अब स्लॉट की संख्या दोगुना करना जरूरी है। नहीं तो कई लोग रजिस्ट्री नहीं करा पाएंगे और उन्हें रजिस्ट्री के एवज में ज्यादा दाम चुकाना होंगे।

14-6-21

### स्लॉट की संख्या बढ़ाएं

रतलाम प्रॉपर्टी क्लब अध्यक्ष राजेश चौहान ने बताया राज्य सरकार ने कोरोना काल में राहत देते हुए वर्तमान गाइडलाइन 30 जून तक के लिए आगे बढ़ाया है। स्लॉट की संख्या बहुत कम है। लोगों को रजिस्ट्री के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। स्लॉट की संख्या बढ़ना चाहिए। प्रॉपर्टी ब्रोकर योगेश पंवार ने बताया लॉकडाउन के कारण पहले ही दो महीने तक रजिस्ट्रियां ना के बराबर हुई। ऊपर से स्लॉट फिक्स कर रखे हैं। रजिस्ट्रियों पर वेटिंग शुरू हो गई है। इससे स्लॉट की संख्या दोगुना करना चाहिए।

# प्रदेश में समस्त अनाथ बच्चों को सहारा देगी राज्य सरकार : विधायक काश्यप

भास्कर संवाददाता | रतलाम



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री से बात करते विधायक काश्यप।

कोरोनाकाल में अनाथ हुए बच्चों के अभिनव योजना लागू करने के लिए रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में विधायक चेतन्य काश्यप ने धन्यवाद देते हुए इसका विस्तार कर प्रदेश के सभी अनाथ बच्चों के लिए नीति बनाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में जल्द सरकार द्वारा नीति बनाने का आश्वासन दिया। अनाथ बच्चों को शिक्षा, आश्रय और आहार मिल सकेगा।

विधायक काश्यप ने बताया मुख्यमंत्री के समक्ष कोरोना की तीसरी लहर की तैयारी में बच्चों की चिंता करते हुए नर्सिंग स्टाफ को प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा बच्चों के लिए जो ऑक्सीजन वार्ड निर्मित हो रहे हैं, उनमें माताओं के रहने की व्यवस्था तय की जाए। मुख्यमंत्री को मेडिकल कॉलेज में निर्मित 750 बिस्तरों वाला अस्पताल 2 महीनों में आरंभ करने और उद्घाटन के लिए रतलाम आने का निमंत्रण दिया। बताया मेडिकल कॉलेज के अस्पताल के लिए उपकरण के ऑर्डर हो चुके हैं। स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया धीमी चल रही है, उन्होंने इसमें तेजी लाकर सभी कार्य जल्द पूर्ण करने का आग्रह किया है।

### सफाई व्यवस्था देखी

रतलाम | नगर निगम रात ने की सफाई फिर शुरू की है। रविवार रात आयुक्त सोमनाथ झारिया ने माणक चौक, घांस बाजार, रानीजी का मंदिर, सैलाना बस स्टैंड, पावर हाउस रोड, डीआरएम ऑफिस पर खड़े रहकर सफाई करवाई। कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल साथ रहे।

14/6



# महाराणा प्रताप जयंती पर माल्यार्पण कर जयकारे लगाए

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

श्री राजपूत नवयुवक मण्डल,

सज्जनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। 14-6-21

न्यास अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह

# उंकाला सीसी फोरलेन का कार्य कई माह से बंद

प्रसारण न्यूज * रतलाम

## कलेक्टर से लेकर निगम आयुक्त और विधायक तक को भेजा कार्य शुरू करवाने के लिए पत्र



ऊंकाला रोड़ सीसी फोर लेन का कार्य कई माह से बंद से होने से जनता और वहां से आवागमन करने वाले राहगीरों को नई रोड़ की बजाय अब जिला प्रशासन का जनता को अब सिर्फ आश्वासन मिल रहा है, किंतु अभी तक न रोड़ बना ना ही कई बार अधिकारियों को सूचना देने के बाद सही से जवाब मिला । इस मामले में रहवासी खराब और जर्जर रोड़ की वजह से आ रही निम्न समस्याओं को लेकर निगम आयुक्त से लेकर कलेक्टर और विधायक तक को इस मामले से कई बार अवगत करा चुके है, किंतु बार बार सिर्फ अधिकारियों का एक ही जवाब सिर्फ आश्वासन। रहवासियों का कहना है की रोड़ बनाना ही नहीं था तो कार्य शुरू करके बंद क्यों कर रखा है। कार्य बंद होने से रोड़ खराब की वजह से और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

आवागमन करने वाले लोगों के साथ दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वाहनों के टायर पंचर हो जाते है। रोड़ निर्माण के लोगो को दी गई जिम्मेदारी लोग सही नहीं निभा पा रहे है। सी एम शिवराज सिंह चौहान की मिनी स्मार्ट सिटी योजना के तहत यह कार्य होना है, किंतु प्रशासन सी एम की बात पर भी अमल करने में कोई रुचि नहीं दिखा पा रहा है । शहर में ऐसे कई विकास कार्य है, जो आधे अधूरे पड़े हुए है । ना ही वह शुरू हो पा रहे हैं ना ही अधिकारी उन सभी कार्य पर ध्यान दे रहे है ।

शहर में चल रहे तेजी से विकास कार्यों पर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी पर अंकुश लगा रहे है । शहर में चल रहे विकास कार्य बंद चालू बिजली की तरह चल रहे है। इन पर ना कोई ध्यान दे रहा है ना ही जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी सही से निभा पा रहे है। ऊंकाला रोड़ स्थित बन रहे सीसी फोर लेन का है, जो कई माह से बंद पड़ा हुआ है । ऊंकाला रोड़ के रहवासियों को प्रतिदिन खराब एवं धूल भरी सड़क से गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं नगर के प्रसिद्ध ऊंकाला रोड़ स्थित खड़े गणेश जी का मंदिर है, वहां तक जाने के लिए प्रतिदिन भक्तों को निम्न समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस सीसी फोरलेन से करीब 4-5 किलोमीटर दूरी से नेशनल हाईवे गुजर रहा है, जिससे घटना दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा, किन्तु जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी का गलत फायदा उठाकर कार्य को दिन प्रतिदिन विलंब से कर रहे है।

**रोड़ बनाए जाने के लिए हो चुका है चक्का जाम**–बताया जाता है कि रोड़ बनाने के लिए रहवासियों के द्वारा बार बार आंदोलन एवं रोड़ पर चक्काजाम किया गया है, किन्तु प्रशासन द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया गया ।

**बारिश में आती है कई समस्या** –रोड़ बनने से होगी सभी समस्या का हल । सीसी फोर लेन का कार्य कई माह से चल रहा था, किन्तु इनको समय सीमा में पूरा करना तो दूर अब और मुसीबत को खड़ा कर दिया है। रहवासियों ने बताया कि बारिश के पहले यह कार्य पूरा हो जाना चाहिए ताकि इस रोड़ से आवागमन करने वालो को कोई समस्या न आ पाए । बारिश के कारण यहां कीचड़ भरी रोड़ से निकलना बहुत ही मुश्किल हो जाता है, प्रवेश करने वाले सभी वाहनों को निकलने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। रोड़ का कार्य अतिशीघ्र शुरू करवाने से जनता को आ रही समस्त समस्याओं से निजात मिल सकती है ।